

मैं आपसे अपील कर रही हूं। मैं एथलीट हूं, मैं पूरे देश की हूं। किस प्रदेश में चुनाव हो रहे हैं इससे मेरा कोई मतलब नहीं होता है। मैं बस इतना जानती हूं कि मेरे देश के किसान मुश्किल में हैं। - विनेश फोगाट

भारतीय रेसलर, भविष्य की रणनीति के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी

### समित द्रविड़



टीम इंडिया के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ को ऑस्ट्रेलिया 19 के खिलाफ आगामी बहु-प्रारूप घरेलू श्रृंखला के लिए भारत की 19 टीम में नामित किया गया है। यह पहली बार है जब समित को भारत की 19 टीम में नामित किया गया है। मोहम्मद अम्मान को 50 ओवर की टीम का कप्तान बनाया गया है। अम्मान मध्यक्रम के बल्लेबाज हैं और उत्तर प्रदेश (यूपी) के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। चार दिवसीय श्रृंखला के लिए सोहम पटवर्धन को कप्तान घोषित किया गया है। पटवर्धन घरेलू क्षेत्र में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# बडोनी ने टी-20 की एक पारी में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा



## आर्य ने एक ओवर में छह छक्के लगाए

नई दिल्ली, 31 अगस्त। आयुष बडोनी (165) ने 19 छक्कों के साथ किसी टी20 पारी का नया रिकॉर्ड कायम किया तो वहीं प्रियांश आर्य (120) ने एक ओवर में छह छक्के लगाए जिससे साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में शनिवार को नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ पांच विकेट पर 308 रन बनाये। यह टी20 मैच का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। भारतीय अंडर-19 टीम के खिलाड़ी आर्य ने साउथ दिल्ली की पारी के 12वें ओवर में छह छक्के लगाये लेकिन बडोनी ने उनसे ज्यादा आक्रामक बल्लेबाजी की। इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने वाले बडोनी ने 19 छक्के जड़े जो टी20 क्रिकेट का नया रिकॉर्ड है। दायें हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी 55 गेंद की पारी में आठ चौके भी लगाये। टी20 मैच की किसी पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड इससे पहले संयुक्त रूप से वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम था। दोनों बल्लेबाजों ने एक समान 18 छक्के लगाये थे। गेल ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग के 2017 सत्र में ढाका डायनामाइट्स के खिलाफ रंगपुर राइडर्स के लिए 69 गेंदों में 146 रन की पारी में पांच चौकों के साथ 18 छक्के लगाए थे जबकि भारतीय मूल के चौहान ने इस साल जून में एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में साइप्रस के खिलाफ एस्टोनिया के लिए 41 गेंदों में 144 रन की पारी के दौरान 18 छक्के लगाए थे।

## मेगा नीलामी में ये 3 खिलाड़ी बिक सकते हैं सबसे महंगे

नई दिल्ली, 31 अगस्त। आईपीएल 2025 का क्रिकेट फैंस को बेसब्री से इंतजार है। लेकिन उससे पहले टूर्नामेंट का मेगा ऑक्शन होना है, जिसमें कई टीमों के स्टार खिलाड़ी दूसरी टीम में शामिल हो सकते हैं। आईपीएल 2024 से पहले हुई मिनी ऑक्शन में मिचेल स्टार्क ने आईपीएल इतिहास का सबसे महंगा खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड कायम किया था। स्टार्क को केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपये की कीमत में खरीदा था। मेगा ऑक्शन में तीन खिलाड़ी स्टार्क का ये रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।

रोहित शर्मा : भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को लेकर लगातार चर्चाएं हैं कि फ्रेंचाइजी उन्हें आईपीएल 2025 के लिए रिटेन नहीं करेगी। हालांकि, अब तक रोहित के रिलीज होने की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। अगर रोहित शर्मा को रिलीज कर दिया जाता है और उनका नाम मेगा ऑक्शन में आता है, तो उन्हें खरीदने की होड़ सभी फ्रेंचाइजियों में देखने को मिलेगी।

फिल साल्ट : आईपीएल के पिछले सीजन में केकेआर के लिए खेलने वाले फिल सॉल्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 मैचों में 39.55 की औसत और 182.01 के स्ट्राइक रेट से 435 रन बनाए थे। हालांकि, अभी कोलकाता की तरफ से उन्हें रिलीज करने की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। लेकिन अगर केकेआर आईपीएल 2025 के लिए सॉल्ट को रिटेन नहीं करती है ।

सैम कर्रन : इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कर्रन को पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2023 में 18.50 करोड़ रुपये की कीमत में खरीदा था। इंग्लिश ऑलराउंडर ने कई मौकों पर पंजाब किंग्स की कमान भी संभाली है। ऐसे में पंजाब उन्हें रिलीज करेगी या रिटेन करेगा, इस बारे में तो कुछ नहीं कहा जा सकता है। हां अगर, पंजाब ने उन्हें रिटने नहीं किया तो सैम कर्रन एक बार फिर महंगे बिक सकते हैं।



# नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन से बाहर

नई दिल्ली, 31 अगस्त। कार्लोस अल्कराज के बाहर होने के एक दिन बाद गत चैंपियन नोवाक जोकोविच भी चार सेट तक चले मुकाबले में हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए लेकिन महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रही। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच को ऑस्ट्रेलिया के 28वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन ने 6-4, 6-4, 2-6, 6-4 से हराया। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, "ईमानदारी से कहूं तो यह मेरा अभी तक का सबसे खराब प्रदर्शन है।

यह मैच मेरे लिए किसी दुस्वप्न की तरह था। मैं अपने सर्वश्रेष्ठ के करीब भी नहीं खेल पाया।''' यह 2017 के बाद पहला अवसर है जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच साल में एक भी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट नहीं जीत पाए। इससे पहले 2010 में भी ऐसा हुआ था। यही नहीं यह 2002 के बाद पहला अवसर है जबकि टेनिस के तीन दिग्गज खिलाड़ी जोकोविच, राफेल नडाल और रोजर फेडरर में से किसी ने भी किसी एक साल में ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी हासिल नहीं की।

# हरभजन सिंह की दो टूक, भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने पर

नई दिल्ली, 31 अगस्त। अगले साल मार्च में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन किया जाएगा। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान के पास है, हालांकि टीम इंडिया टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान जाएगी या नहीं इस पर अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

बीसीसीआई साफ कह चुका है कि भआरतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तान जाने पर फैसला सरकार करेगी।वहीं, भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने इस पूरे मामले पर बेबाक तरीके से अपनी राय रखी है। भज्जी का कहना है कि जब तक सुरक्षा चिंताएं दूर न हों तब



तक भारतीय खिलाड़ियों को पाकिस्तान बिलकुल नहीं जाना चाहिए। हरभजन ने स्पोर्ट्स तक से कहा कि, सुरक्षा को लेकर चिंताएं वहां रही हैं। अगर वहां खिलाड़ियों की सिक्योरिटी नहीं होगी तो मुझे नहीं लगता कि जाना चाहिए।

अगर वे कहते हैं कि टीमों को फुल सिक्योरिटी दी जाएगी और कोई दिक्कत नहीं है तो फिर जो सरकार सोचे वो ठीक है। दरअसल, ये सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है। ये उसके पार है। मैं बतौर क्रिकेटर यही कह सकता हूं कि क्रिकेट खेलना है, खेलिए लेकिन वहां सुरक्षा को लेकर चिंता तो है। हमारे खिलाड़ियों को तब तक वहां नहीं जाना चाहिए, जब तक हमें लगे नहीं कि सिक्योरिटी बिलकुल सही है।

# सुकांत सेमीफाइनल एवं मनदीप कौर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

पेरिस, 31 अगस्त। भारतीय बैंडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम ने शनिवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की बैंडमिंटन स्पर्धा के सेमीफाइनल में तथा महिला खिलाड़ी मनदीप कौर ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

सुकांत कदम ने आज पुरुष एकल एसएच4 ग्रुप चरण में थाईलैंड के सिरिपोंग टीमारोप को सीधे गेम में 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनायी। उन्होंने थाईलैंड के शटलर को 21-12 , 21-12 से हराया। महिला बैंडमिंटन खिलाड़ी मनदीप कौर ने महिला एकल एसएल3 ग्रुप चरण में शानदार जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मनदीप ने मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की विनोट सेलिन ऑरेली के खिलाफ पहला गेम 21-23 से हारने के बाद लगातार दो गेम 21-10 और 21-17 से जीते और मैच 2-1 से जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

इसी तरह पुरुष एकल एसएल3 ग्रुप चरण में भारतीय खिलाड़ी नितेश कुमार ने पेरिस पैरालिंपिक में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा एवं अगले दौर में जगह बनाई। उन्होंने थाईलैंड के बन्सन मोंगखोन को सीधे गेम में 2-0 से हराया। नितेश कुमार ने आज खेले गए मैच में मोंगखोन को 21-13 , 21-14 से हराया।

वहीं पुरुष एकल एसएल3 ग्रुप चरण के एक अन्य मुकाबले में मनोज सरकार नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। चीन के जियानयुआन यांग के खिलाफ 2-0 की जीत के बावजूद मनोज नॉकआउट चरणों के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। उन्हें अपने ग्रुप में तीसरा स्थान मिला।

ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी अगले दौर के लिए क्वालीफाई हुए। इसी तरह भारतीय खिलाड़ी तरुण ढिल्लन को आज खेले गए पुरुष एकल के एसएल4 ग्रुप चरण मैच में हार का सामना करना पड़ा। तरुण को फ्रांस के लुकास माजुर ने 2-0 से हराया। इस हार के साथ तरुण का पैरालंपिक अभियान समाप्त हो गया।

## जो रूट ने एलिस्टर कुक का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली, 31 अगस्त। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने शनिवार को लॉर्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में एक और शतक जड़ दिया है। जो रूट का टेस्ट में ये 34वां शतक है। इसके साथ ही वह इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा




शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एलिस्टर कुक का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने इंग्लैंड के लिए 33 शतक लगाए हैं। जो रूट ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में दो शतक लगाए हैं। पहली पारी में उन्होंने 143 रन बनाए थे। जो रूट लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ग्राहम गूच और माइकल वॉन को पीछे छोड़ दिया है। जो रूट का लॉर्ड्स में ये सातवां शतक है। ग्राहम गूच और माइकल वॉन के नाम 6-6 शतक है। जो रूट ने 145वें मैच में 34वां शतक लगाया है, जबकि एलिस्टर कुक ने 161 मैचों में 33 शतक बनाए थे। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में तीसरे नंबर पर केविन पीटरसन हैं, उन्होंने 23 शतक लगाए हैं।

# रूबीना ने भारत को दिलाया पांचवां मेडल

नई दिल्ली, 31 अगस्त। पेरिस पैरालंपिक 2024 के तीसरे दिन भारत को पांचवां मेडल मिल गया है। दरअसल, भारतीय शूटर रुबीना फ्रांसिस ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 फाइनल में 211.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत ने टोक्यो पैरालंपिक में निशानेबाजी में दो गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। वहीं पेरिस पैरालंपिक में भारत एक गोल्ड, एक सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल जीत चुका है। रुबीना के लिए इस मुकाम तक पहुंचना आसान नहीं रहा। मध्य प्रदेश के जबलपुर में 1999 में जन्मीं रुबीना बचपन से ही दिव्यांग हैं। वह रिकेट्स नामक बीमारी से जूझ रही हैं। रुबीना पैरों से 40 प्रतिशत दिव्यांग हैं। हालांकि, उन्होंने अपनी शारीरिक अक्षमता को कभी कमजोरी नहीं बनने दिया और अब उन्होंने अपनी काबिलियत से भारत का नाम पैरालंपिक में ऊंचा किया है।



# राजस्थान के चेतन शर्मा का भारतीय अंडर-19 टीम में चयन

## राजस्थान की वीमेन खिलाड़ी डिंपल कंवर का फास्ट बॉलिंग शिविर में चयन

जयपुर, 31 अगस्त। बीसीसीआई की घरेलू क्रिकेट सत्र 2023 - 24 में शानदार प्रदर्शन करने वाले राजस्थान के युवा अंडर-19 तेज गेंदबाज चेतन शर्मा का चयन भारतीय अंडर 19 टीम में किया गया है। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के अनुसार बीसीसीआई आल इंडिया जूनियर चयन कमेटी ने आगामी सितम्बर-अक्टूबर माह में ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के विरुद भारत में खेली जाने वाली एक दिवसीय व मल्टी डेज सीरीज हेतु राजस्थान (भरतपुर) के युवा तेज गेंदबाज चेतन शर्मा का चयन भारतीय टीम में किया है। चेतन शर्मा ने बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2023-24 की अंडर 19 राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया था। राजस्थान के चेतन शर्मा का चयन भारतीय अंडर 19 टीम में हुआ है जो आगामी माह में ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के विरुद 3 एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच दिनांक 21 सितम्बर , 23 सितम्बर व 26 सितंबर को पांडिचेरी में खेले जायेंगे व 2 मल्टी डेज मैच दिनांक 30 सितम्बर से 3 अक्टूबर व 7 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2024 को चेन्नई में खेले जायेंगे। चेतन शर्मा ने बीसीसीआई अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी में गेंदबाजी करते हुए कुल 17 विकेट व बल्लेबाजी में 1 शतक सहित कुल 157 रन बनाये। बीसीसीआई अंडर 19 एकदिवसीय ट्रॉफी में कुल 5 विकेट प्राप्त करते हुए एक अर्धशतक की सहायता से कुल 89 रन बनाये। राजस्थान की वीमेन खिलाडी डिंपल कंवर का फ़ास्ट बॉलिंग शिविर में चयन आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत ने बताया की राजस्थान की प्रतिभावान तेज गेंदबाज डिंपल कंवर को बीसीसीआई की आल इंडिया वीमेन चयन कमेटी ने, बैंगलोर में आगामी दिनांक 9 से 14 सितम्बर 2024 के दौरान आयोजित होने वाले वीमेन फ़ास्ट बॉलिंग प्रशिक्षण शिविर में चयन किया है। इस शिविर के लिए समस्त भारत में से प्रतिभावान वीमेन तेज गेंदबाजों को चयनित कर उन्हें उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## बांग्लादेश को लगा बड़ा झटका बाबर आजम और शान मसूद को आउट करने वाले शोरफुल इस्लाम हुए चोटिल

नई दिल्ली, 31 अगस्त। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोरफुल इस्लाम ग्रोइन की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने इस खबर की पुष्टि



की। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दो मैच की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच शुक्रवार से खेला जा रहा है। हालांकि दूसरे टेस्ट मैच का शुरुआती दिन शुक्रवार को लगातार बारिश के कारण धुल गया। बांग्लादेश दो मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। उसने पिछले सप्ताह इसी स्थान पर 10 विकेट की ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस मैच में पाकिस्तान की दूसरी पारी पांचवें और अंतिम दिन महज 146 रन पर सिमट गई थी। शोरफुल इस्लाम ने पहले टेस्ट मैच के दौरान कुल तीन विकेट लिए थे।

### 18वीं अनिरूद्ध मायाराम मेमोरियल बास्केटबॉल प्रतियोगिता

# बालक और बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबलों में सेंट एडमंड्स ने जीते दोनों खिताब



प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि रेक्टर फादर नेल्सन डिसिल्वा ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ीयों को पुरस्कार प्रदान किया। प्रतियोगिता के चेयरमैन अभिनव माया राम ने आगंतुकों का स्वागत किया सैंट जेवियर्स स्कूल के प्रिंसिपल फादर एम एम् आरोकिअम एसजे ने खिलाड़ियों और आगंतुकों का आभार प्रकट किया और धन्यवाद दिया।

जयपुर, 31 अगस्त। सैंट जेवियर्स स्कूल जयपुर में आयोजित 18वीं अनिरूद्ध मायाराम मेमोरियल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के बालक और बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबलों में सैंट एडमंड्स स्कूल मालवीय नगर ने सैंट जेवियर्स स्कूल जयपुर को हराकर दोनों खिताबों पर कब्जा किया बालक वर्ग में फाईनल मुकाबले में सैंट एडमंड्स ने मेजबान सैंट जेवियर्स स्कूल जयपुर को 43-24 अंकों से हराया, मध्यांतर स्कोर 25-17 था

बालिका वर्ग मुकाबले में सैंट एडमंड्स स्कूल मालवीय नगर ने सैंट जेवियर्स स्कूल जयपुर को 25-08 अंकों से हराया। मध्यांतर स्कोर 14-0 था सैंट एडमंड्स की तरफ गुनगुन ने 13 और हवाना सिंह ने 05 अंक सैंट जेवियर्स की तरफ से तन्वी ने 0 5 अंक बनाए। वहीं बालक वर्ग मुकाबले में सैंट एडमंड्स स्कूल ने सैंट जेवियर्स स्कूल जयपुर को 43/24 अंकों से हराया मध्यांतर स्कोर 25/17 था एडमंड्स की तरफ से जिप्सी ने 18, प्रेम प्रताप सिंह ने 14 अंक अर्जित किए। सैंट जेवियर्स की तरफ से गोविन्द ने 12 और मोहक ने 6 अंक अर्जित किए। बालक वर्ग में बेस्ट प्लेयर सेंट एडमंड्स के जिप्सी और बालिका वर्ग में ज़ेवियर्स की तन्वी को मिला। बेस्ट स्कोरर अवार्ड सैंट जेवियर्स के गोविन्द और बालिका वर्ग में एडमंड्स की समीक्षा को मिला। राइजिंग प्लेयर अवार्ड बालक वर्ग में सैंट जेवियर्स के हेमांग और बालिका वर्ग में सैंट एडमंड्स की गुनगुन ने जीता।

## मिराज का प्रहार, पाक की पहली पारी 274 पर ढेर

रावलपिंडी, 31 अगस्त। मेहदी हसन मिराज (61 रन पर पांच विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की मदद से बांग्लादेश ने दूसरे और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पाकिस्तान की पहली पारी 274 रन पर समेट दी। दिन का खेल खत्म होने के समय बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 10 रन बना लिये थे। मेहदी ने टेस्ट करियर में 10वीं बार पांच विकेट चटकाने का कारनामा किया है। उन्हें कंधे की चोट से टीम में वापसी कर रहे तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद का अच्छा साथ मिला।

# पहली हॉकी इंडिया जूनियर इंटर-जोन चैम्पियनशिप आज से

नई दिल्ली, 31 अगस्त। पहली हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला इंटर-जोन चैंपियनशिप रविवार से शुरू होगी, जिसमें पुरुष वर्ग की मेजबानी लखनऊ करेगा जबकि महिला वर्ग के मुकाबले रांची में खेले जायेंगे। लखनऊ के पद्मश्री मोहम्मद शाहिद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम में पुरुष वर्ग में पूल ए में नॉर्थ जोन, वेस्ट जोन और एसएआई बाल के बीच मुकाबला होगा, जबकि पूल बी में साउथ जोन, ईस्ट जोन और एसएआई शक्ति की टीमें शामिल हैं। इस बीच, रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में महिला वर्ग में नॉर्थ जोन, ईस्ट जोन और एसएआई शक्ति को पूल ए में रखा जाएगा, जबकि पूल बी में साउथ जोन, वेस्ट जोन, एसएआई बल को रखा जाएगा। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें छह सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी और फाइनल सात सितंबर को खेला जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, हॉकी खिलाड़ियों को लगातार मैच का अनुभव देकर जमीनी स्तर पर उनके विकास को सुविधाजनक बनाना जरूरी है।

# रस्सा कस्सी में एथलेटिक्स के बालक व हैंडबाल की बालिकाएं जीती

## राम सिंह और डॉ. तेजराज सिंह ने की खिलाड़ियों की हौसला अफजाई

जयपुर, 31 अगस्त। राजस्थान के इतिहास में पहली बार हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द की जयन्ती पर खेल सप्ताह का आयोजन 26 से 31 अगस्त तक किया गया। शनिवार को इसका समापन हुआ।

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव सोहन राम चौधरी ने बताया कि मेजर ध्यानचन्द की जयन्ती पर युवा मामले एवं खेल विभाग और राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा एक सप्ताह तक खेल आयोजित किए गए। शनिवार को रस्सा कस्सी के मुकाबले में एथलेटिक्स के प्रशिक्षणार्थियों ने जीत दर्ज की जबकि लडकियों में हैंडबाल के प्रशिक्षणार्थियों की टीम विजेता बनी। उन्होने बताया कि अन्य खेलों में भी सवाई मानसिंह स्टेडियम में नियमित रूप से आने वाले विभिन्न खेलों के प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। खेल सप्ताह के अन्तिम दिन रस्सा कस्सी, लेमन रेस, रोप जंपिंग, लंगडी टांग रेस और बोरी दोड खेलो का आयोजन किया गया।

खेल सप्ताह के समापन समारोह के मुख्य अतिथि पदश्री, ओलम्पियन, दो बार के एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता और



अर्जुन अवार्डी श्रीराम सिंह शेखावत थे जबकि समारोह की अध्यक्षता भारतीय हैंडबाल टीम के पूर्व कप्तान और महाराणा प्रताप पुरस्कार विजेता व राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के जनसम्पर्क अधिकारी और डॉ. तेजराज सिंह ने की। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को मिठाई खिलाई और लक्ष्य को मध्यनजर रख कर कडी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इससे पूर्व क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर की प्रभारी अधिकारी श्रीमती मीना शर्मा ने श्री श्रीराम सिंह और श्री तेजराज सिंह का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर परिषद के सभी प्रशिक्षक, अधिकारी व कर्मचारियों के साथ सवाई मानसिंह स्टेडियम में विभिन्न खेलो के प्रशिक्षणार्थि भी मोजुद थे।